# एशिया का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव 'उन्मेष' तीन अगस्त से भोपाल में

नई दिल्ली, 26 जुलाई (ब्यूरो)।

मध्य प्रदेश के भोपाल में तीन अगस्त से आयोजित होने वाले एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी। साहित्य अकादेमी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अकादेमी ने एक बयान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव के साथ ही संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उत्कर्ष' शीर्षक से लोक एवं जनजातीय कलाओं का राष्ट्रीय उत्सव भी आयोजित किया जा रहा है। बयान के मुताबिक, साहित्य अकादमी के सचिव श्रीनिवास राव ने कहा, इन दोनों समारोह का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा।